NSS Activity - II on 'NSS' Day, 24-09-2024

# राष्ट्र सेवा के लिए शपथ

1. हम भारत को एक विकसित देश बनाने में सहयोग देंगे।
2. हम आदर्श नागरिक बनकर देशवासियों को अनुशासित नागरिक बनाने में सहायता करेंगे।
3. हम अपने घर को सदाचारपूर्ण बनाने, वातावरण को स्वच्छ रखने और पढ़ाई में और अपने कार्य में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अभियान चलायेंगे।
4. समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अन्याय सहित देश में फैली सामाजिक कुरीतियों को दूर करेंगे और महिलाओं को समाज में सम्मानित स्थान दिलायेंगे।
5. ज्ञान और उच्च नैतिक मूल्यों द्वारा समाज से भ्रष्टाचार दूर करेंगे।
6. हम राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र प्रेम द्वारा देश को मजबूत बनायेंगे।
7. हम लोगों को कानून का पालन करने वाला नागरिक बनने के लिए प्रेरित करेंगे।
8. हम वनों की कटाई रोकेंगे और पर्यावरण की रक्षा के लिए नए पेड़ लगाएंगे।

यह शपथ राष्ट्रीय सेवा योजना गणतंत्र दिवस शिविर में भाग लेने आये शिविरार्थियों को 28 जनवरी, 2005 को राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा दिलाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,
भारत सरकार, नई दिल्ली

पंडित सीता राम शास्त्री बीएड प्रशिक्षण महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाकर मनाया गया एनएसएस दिवस

महम गेट स्थित पर पंडित सीता राम शास्त्री बी.एड प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में दिनाक 24/09/2024 को एनएसएस प्रकोष्ठ के अंतर्गत एनएसएस प्रभारी डा. विकास शर्मा की अध्यक्षता में एनएसएस दिवस के अवसर पर शपथ समारोह एवं एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ विकास शर्मा द्वारा एमएसएस स्वयं सेवियों को राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा राष्ट्र प्रेम एवं देश सेवा के प्रति उनके कर्तव्यों का पालन करने के लिए शपथ दिलवाई तथा इसके उपरांत महाविद्यालय के प्रांगण में स्वयंसेवियों द्वारा एक स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें सभी ने बढ़चढ़ कर भाग लिया! एनएसएस प्रभारी डा. विकास शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत का मुख्य उद्देश्य भारत को साफ बनाना है। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने घर को साफ रखते है ठीक उसी तरह अपने देश को भी साफ एवं स्वच्छ बनाने का प्रयास करना चाहिए, क्योकि हमारा देश ही हमारी पहचान है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।






